आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 14.12.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

2— छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ—पहले दिन कांग्रेस सदस्यों की अनुपस्थिति में छत्तीसगढ़ अंजोर विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस पर हो रही है चर्चा।

3— मुख्यमंत्री ने आज मनरेगा के तहत दस हजार आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ।

**और**

4— राज्य के ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में जमीन का मूल्यांकन अब वर्ग मीटर के बजाय हेक्टेयर दर के आधार पर किया जाएगा।

---------------

**<u>नितिन नबीन—राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष</u>**

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने वरिष्ठ नेता और पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे अभी बिहार सरकार में मंत्री हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया ळें

## विधानसभा–शीतकालीन सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। नवा रायपुर अटल नगर में बने विधानसभा के नवीन भवन में यह पहला सत्र है।

शीतकालीन सत्र की अवधि उन्नीस दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। पहले यह सत्र सत्रह दिसंबर को समाप्त होने वाला था। बढ़ी हुई अवधि के दौरान सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा की जाएगी।

सत्र के पहले दिन की कार्यवाही के बारे में ब्यौरा दे रहे हैं, हमारे संवाददाता अभिषेक कुमार।

सदन में अंजोर विजन डाक्यूमेंट पर चल रही चर्चा में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा के साथ ही मंत्री रामविचार नेताम और भाजपा विधायक किरण सिंह देव ने भी हिस्सा लिया। इस पर हुई चर्चा के अंत में अपना वक्तव्य देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी को दोगुना करेगी। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में राज्य सरकार ने मोदी जी की अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। बाकी बची हुई गारंटी को भी आने वाले समय में पूरा किया जाएगा।

आज अंजोर विजन पर हुई चर्चा में राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने हिस्सा नहीं लिया।

बाद में मीडिया से चर्चा करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'अंजोर विजन' की चर्चा में विपक्ष का शामिल न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मुख्यमंत्री–डबरी निर्माण शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना–मनरेगा के तहत दस हजार आजीविका डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इन डबरियों को अगले वर्ष मई महीने तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लाभार्थियों की निजी भूमि पर डबरियों का निर्माण किया जाएगा। इससे न केवल ग्रामीण रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों और ग्रामीण परिवारों की आय में भी वृद्धि होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया। इसमें राज्य में ग्रामीण आवास योजना के तहत प्राप्त ऐतिहासिक प्रगति, नवाचारों और उपलब्धियों को दर्शाया गया है।

## भूमि–वर्ग मीटर दर

राज्य सरकार ने भूमि मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाते हुए पेरी–अर्बन गांवों और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में लागू वर्ग मीटर दर को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब ग्रामीण और अर्द्ध–शहरी क्षेत्रों में भूमि का मूल्यांकन केवल हेक्टेयर दर के आधार पर किया जाएगा। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पांच सौ वर्ग मीटर तक की भूमि का मूल्यांकन वर्ग मीटर दर से और उससे अधिक भूमि का हेक्टेयर दर से किया जाता था। इस विसंगति को दूर करते हुए सरकार ने अब सभी ग्रामीण भूमि के लिए एक समान हेक्टेयर आधारित मूल्यांकन व्यवस्था लागू की है।

## परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम का नौवां संस्करण अगले वर्ष जनवरी महीने में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश–विदेश के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव, अनुभव और सकारात्मक तैयारी पर चर्चा करते हैं। कार्यक्रम के लिए पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं और इसकी अंतिम तिथि ग्यारह जनवरी निर्धारित है। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें ग्यारह जनवरी तक अपने प्रश्न **इनोवेटिव इंडिया वन डॉट माई जीओवी डॉट इन** पर अपलोड करना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागी अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में तेरह दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल दस लाख नौ हजार से अधिक प्रकरणों का आपसी राजीनामे से निराकरण किया गया। लोक अदालत में पारिवारिक, दांडिक, सिविल, राजस्व, पेंशन, जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों के साथ ही प्री–लिटिगेशन प्रकरणों पर भी सुनवाई हुई। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को कुल तिरसठ करोड़ सैंतालीस लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई। यह आयोजन "न्याय तुंहर द्वार" योजना के अंतर्गत किया गया।

**बीएसएफ डायमंड जुबली रन**

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ अपनी स्थापना के साठवें वर्ष को हीरक जयंती के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर आज दुर्ग जिले के भिलाई में 'बीएसएफ डायमंड जुबली रन' का आयोजन किया गया। इसमें बीएसएफ के अधिकारी, जवानों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस और बीएसएफ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि बीएसएफ हर वर्ष अपने स्थापना दिवस पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिनसे युवाओं में खेल भावना और राष्ट्र भावना का विकास होता है।

**स्वास्थ्य मंत्री–सम्मेलन**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन–आई.आर.आई.ए. की छत्तीसगढ़ इकाई के पंद्रहवें वार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन में देशभर से एक सौ पचास से अधिक रेडियोलॉजिस्ट हिस्सा ले रहे हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने रेडियोलॉजिस्टों से आह्वान किया कि वे तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए एआई के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सटीक और प्रभावी बनाने की दिशा में काम करें।

**पर्यटन बोर्ड–सिरपुर/बारनवापारा**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश में आठ से इक्कीस दिसंबर तक पर्यटन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिरपुर में संगोष्ठी और शोधपत्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। ''छत्तीसगढ़ में पर्यटन की बढ़ती संभावनाएं'' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य में पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

वहीं, बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने हरेली ईको रिसॉर्ट और बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य के आसपास स्थित पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर डिजिटल कंटेंट तैयार करने की रूपरेखा बनाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव, संस्कृति और पर्यटन संभावनाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना था।

**<u>वित्त मंत्री–विद्यालय भवन</u>**

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ जिले के रेंगालपाली गांव में एक करोड़ इक्कीस लाख रुपये से अधिक की लागत के सर्वसुविधायुक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस भवन में नौ कक्षाएं, स्मार्ट क्लास, दो आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं हैं।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– मोहला–मानपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–नौ सौ तीस पर कहडबरी ओवरब्रिज के पास ट्रेलर और कार के बीच हुई टक्कर में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, चार अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

– जांजगीर–चांपा जिले में नकटीडीह के पास एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं।

– भिलाई इस्पात संयंत्र में करीब ढाई साल पहले हुई दुर्घटना के मामले में भिलाई भट्टी पुलिस ने बीएसपी के दो अधिकारियों और एक ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में चार ठेका श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए थे, जिनमें से एक मजदूर की मौत हो गई थी।

–	बलरामपुर जिले के चौकी–डवरा में शासकीय और निजी भूमि के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर धान बिक्री कराने के मामले में पुलिस ने पटवारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

और

–	कबीरधाम जिले के चिल्फी चेकपोस्ट पर खाद्य विभाग की टीम ने धान का अवैध परिवहन करते हुए तीन ट्रकों से नौ सौ साठ क्विंटल धान जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>